प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 22.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

**1.** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने एसआईआर को लेकर आज बुलाई सर्वदलीय बैठक, मतदाता सत्यापन के रोडमैप पर होगी चर्चा।

**2.** डीजीपी तदाशा मिश्र ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर, सभी एसपी को लंबित मामलों का 60 से 90 दिनों में निष्पादन करने के दिए कड़े निर्देश।

**3.** राज्य के 10 जिलों के 35 बालू घाटों को मिली पर्यावरण स्वीकृति, बालू की किल्लत होगी दूर, निर्माण कार्यों को मिलेगी गति।

**4.** रांची में आज से राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स महाकुंभ, देशभर के 700 एथलीट लेंगे हिस्सा, कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए होगा भारतीय टीम का चयन।

**5.** मौसम विभाग ने पलामू प्रमंडल समेत कई जिलों में भीषण लू की चेतावनी दी, जबकि रांची, धनबाद, बोकारो और संताल परगना में तेज आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण यानी एस–आई–आर को लेकर आज रांची में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची में सुधार और घर–घर जाकर मतदाता सत्यापन प्रक्रिया के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी।

*******************

इससे पहले कल रांची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन आयोग ने प्रेस वार्ता की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य के पांचों डिविजनल कमिश्नर मोर्चा संभालेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, घर–घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन और सूची में सुधार के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।

*******************

राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और तकनीक आधारित पुलिसिंग को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी जिला कप्तानों को नए आपराधिक कानूनों और तकनीक आधारित पुलिसिंग का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने सीसीटीएनएस प्रगति और ई–साक्ष्य पोर्टल की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों को साठ से नब्बे दिनों में निपटाने पर जोर दिया।

*******************

जेटेट परीक्षा में भोजपुरी, मगही और अंगिका शामिल करने के लिए बनी मंत्रियों की समिति की आज दूसरी बैठक हो सकती है। समिति सदस्य और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पहली बैठक में विभाग से कुछ जानकारियां मांगी गयी थीं। आज की बैठक में विभाग की रिपोर्ट पर चर्चा होगी और निर्णय लिये जायेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर सीएम फेलोशिप योजना शुरू की गई है। इसके तहत राज्य के होनहार छात्रों को पी–एचडी के लिए फेलोशिप और शोध कार्यों के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। साथ ही, युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शत–प्रतिशत स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से विधायक रागिनी सिंह और धनबाद के महापौर संजीव सिंह ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय में प्रस्तावित क्लस्टर सिस्टम से छात्रों को होने वाली दिक्कतों पर ज्ञापन सौंपा। साथ ही झरिया के राजा शिव प्रसाद कॉलेज की समस्याओं के समाधान की मांग की।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने होटवार जेल में महिला बंदी के कथित शोषण मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दोबारा पत्र लिखा है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मरांडी ने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी भी इसमें शामिल हैं।

*******************

केन्द्र सरकार ने देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, गैस और एलपीजी के पर्याप्त भंडार का भरोसा दिलाया है। नई दिल्ली में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के बावजूद आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है। उन्होंने सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही।

*******************

केंद्रीय टीम और गृह मंत्रालय के अपर महारजिस्ट्रार सुनील कुमार ने रांची में जनगणना दो हज़ार सत्ताईस के पहले चरण के कार्यों का निरीक्षण किया। टीम ने ओरमांझी, नामकुम और कांके के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर मकान सूचीकरण कार्य की सराहना की। उन्होंने यहां के बेहतर समन्वय और प्रगणकों के प्रशिक्षण को आदर्श बताया।

*******************

राज्य में बालू की किल्लत दूर करने के लिए दस जिलों के पैंतीस बालू घाटों को पर्यावरण स्वीकृति मिल गई है। इससे निर्माण कार्यों को गति मिलेगी और वैध आपूर्ति बढ़ने से राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। पूर्वी सिंहभूम को सबसे बड़ा खनन क्षेत्र मिला है, जबकि रांची और बोकारो सहित कई जिलों में लीज डीड साइन हो चुकी है।

*******************

धनबाद रेल मंडल में चलाए गए मेगा टिकट चेकिंग अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा कर रहे 1 हजार 570 यात्रियों को पकड़ा गया है। इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में 10 लाख तीन हजार रुपये से अधिक की राशि वसूली गई। रेलवे ने यात्रियों से हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की है।

*******************

झारखंड में उमस और लू से जनजीवन बेहाल है। पलामू में पारा पैंतालीस दशमलव दो डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज पलामू प्रमंडल और हजारीबाग में गर्म हवाएं चलने की चेतावनी दी है, जबकि रांची, धनबाद, बोकारो और संताल परगना में तेज आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज से 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता शुरू हो रही है। 25 मई तक चलने वाले इस महाकुंभ में देशभर के 700 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसके प्रदर्शन के आधार पर कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन अंडर–23 के लिए भारतीय टीम का चयन होगा। साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर ललित भनोट ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि यह प्रतियोगिता कई मायनों में ऐतिहासिक होगी। देश में पहली बार इस टूर्नामेंट से वर्ल्ड एथलेटिक्स के दिशा–निर्देशों के तहत जेंडर टेस्टिंग की नई व्यवस्था लागू की जा रही है।

*******************

राज्य के पहलवान अमित कुमार वियतनाम में होने वाली अंडर–ट्वेंटी थ्री एशियन ग्रीको रोमन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह बयासी किलोग्राम भारवर्ग में देश की चुनौती पेश करेंगे। खेल विभाग ने तेईस से इकतीस मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए अमित को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में एक साथ 27 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर लिखता है**–सारंडा में लाल किला ढहा, 25 नक्सलियों सहित 27 का सरेंडर।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**–परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना पर चार अभ्यर्थी हिरासत में।

**प्रभात खबर** ने राज्य के सीईओ के हवाले से लिखा है–एसआईआर में बिना सुनवाई नहीं कटेगा वोटर का नाम।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है**–कावेरी रेस्टोरेंट के संचालक लव भाटिया ने की आत्महत्या, जहर खाने की आशंका।

*******समाप्त**********